डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय/A Central University)

कुलसचिव
Registrar

registrar@dhsgsu.edu.in
www.dhsgsu.ac.in
(Ph.) 07582 – 265228
(Fax) 07582 - 264236

क्र. / आर / सतर्कता / 2024 / 250 दिनांकः 24 अक्टूबर 2024

# सूचना पत्र

केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली का परिपत्र क्र. 08 / 08 / 24 दिनांक 01.08.2024 द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में दिनांक ''**28 अक्टूबर 2024 से 03 नवम्बर 2024**'' तक विश्वविद्यालय में ''**सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024**'' आयोजित किया जा रहा है। जिसकी थीम ''**सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि**'' है।

2. इसी तारतम्य में दिनांक **28 अक्टूबर 2024 (सोमवार) को पूर्वान्ह 11:00 बजे, प्रशासनिक भवन** के सामने माननीया कुलपति जी की उपस्थिति में समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा **सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा** ली जानी है।

3. उक्त कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों, अधिकरियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति प्रार्थित है।

**आदेशानुसार**

24/10/2024
**कुलसचिव (प्र.)**

**संलग्नकः–** सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा।

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. **मुख्य सतर्कता अधिकारी, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)।**
2. **समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशकगण।**
3. **समस्त विभागाध्यक्ष।**
4. **परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक, वित्ताधिकारी / पुस्तकालयाध्यक्ष।**
5. **प्रतिपालक, बालक / बालिका छात्रावास।**
6. **सुरक्षा अधिकारी।**
7. **समस्त अधिकारी / शाखा प्रभारी।**
8. **मीडिया अधिकारी** : उक्ताशय के प्रचार–प्रसार हेतु।
9. **निदेशक, ई.एम.एम.आर.सी.।**

(क्र. 2–9 हेतु:) कृपया विभागीय शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक रूप से टीप करायें।

10. **निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद–** विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित करने हेतु।
11. **प्रभारी अधिकारी – आई.टी. सेल।**
12. **कुलपति जी के सचिव – कुलपति जी के सूचनार्थ।**
13. **कुलसचिव के निज सचिव।**
14. **समस्त नोटिस बोर्ड एवं संबंधित नस्ती।**

## संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है । हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है ।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं ।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा ।

अतः, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :-

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे ;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे ;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे ;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे ;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे ;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा पर्दाफाश तंत्र का प्रबंध करेंगे ;
- हम संबंधित पक्षों एवं समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे ।